# अनुलग्नक - II

## ईईएफआई युवा श्रमिक उप–समिति की बैठक से स्वीकृत कार्य

1. **औद्योगिक कंपनी स्तर की बैठकें:**

   हमें औद्योगिक यूनियन स्तर पर युवा कर्मचारियों की बैठकें आयोजित करनी होंगी। इन बैठकों में उद्योगों और युवा कर्मचारियों के विशिष्ट मुद्दों पर, वर्तमान नवउदारवादी नीति–व्यवस्था से जुड़े व्यापक संदर्भ में चर्चा की जाएगी।

   <u>**अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक यूनियन की कम से कम एक बैठक आयोजित की जानी चाहिए। प्रतिभागियों का नामांकन जिला इकाइयों द्वारा किया जाएगा। इन बैठकों से एक रिपोर्ट तैयार करके ईईएफआई की युवा श्रमिक उप–समिति को प्रस्तुत की जानी चाहिए।**</u>

2. **आंदोलन–समर्थनः** युवा कर्मचारियों के बीच पूंजीवादी शोषण को उजागर करने के लिए आधुनिक साधनों का उपयोग करना, इस तथ्य का प्रचार करना कि पूंजीवाद के पास आज की समस्याओं का कोई समाधान नहीं है और न ही कोई भविष्य है और समाजवाद के लिए एक शक्तिशाली श्रमिक वर्ग आंदोलन का निर्माण करना।

   पूंजीवाद द्वारा उत्पन्न तात्कालिक अन्याय और पीड़ा के विरुद्ध श्रमिकों को आंदोलित करना। उन्हें परिवर्तन की दिशा में एक बड़े संघर्ष के लिए संगठित करना।

   **मुद्दों को नीतियों और उसके पीछे की राजनीति से जोड़ते हुए, युवा कार्यकर्ताओं को परिवर्तनकारी राजनीति की ओर प्रेरित करें।**

- **आँकड़ों के साथ पूंजीवाद का पर्दाफ़ाशः** हम दिखाएंगे कि कैसे मालिक मज़दूरों का शोषण करके अमीर बनते हैं। हम कम वेतन, कर्ज़, बिगड़ती सेहत, शहरों में जीवनयापन की ऊँची लागत, अनिश्चित नौकरियाँ और पर्यावरण विनाश को उजागर करेंगे – यह साबित करते हुए कि ये सब आकस्मिक नहीं, बल्कि प्रणालीगत हैं।
- **झूठे विचारों का खंडनः** हम शासक वर्ग द्वारा बोले गए झूठों पर प्रहार करेंगे – जैसे 'कड़ी मेहनत करो, अमीर बनो' – जो शोषण के असली स्वरूप को छिपाते हैं। हम झूठी चेतना से लड़ेंगे।
- **कार्रवाई का आह्वान फैलानाः** हम लोगों को यूनियन बनाने के महत्व के बारे में बताएँगे, चल रही हड़तालों में शामिल होने, विभिन्न प्रकार के विरोध प्रदर्शनों और

स्थानीय संघर्षों के माध्यम से अपनी असहमति व्यक्त करने और मज़दूर एकजुटता बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

3. **शिक्षाः** शिक्षा की द्वंद्वात्मक पद्धतियों का पालन किया जाएगा

   a) अग्रणी कार्यकर्ताओं को शिक्षित करना
   b) औद्योगिक युवा कर्मचारियों के समूह को शिक्षित करना
   c) प्रकाशन

**नई दुनिया का निर्माणः** मौजूदा समाज की स्पष्ट समझ प्रदान करना और समाजवादी भविष्य का मार्ग दिखाना तथा उसे प्राप्त करने के लिए कार्यों का आह्वान करना। उपरोक्त कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए, कंपनी/उद्योग स्तर की बैठकों को संबंधित राज्य कमेटियों/यूनियनों के परामर्श से निम्नलिखित ठोस पहलों की योजना बनानी होगीः

1) ऊपर वर्णित मुद्दों पर हमारे अग्रणी कार्यकर्ताओं को शिक्षित करना, ताकि औद्योगिक युवा श्रमिकों के बीच ट्रेड यूनियन मंच से श्रमिकों के सामूहिक कार्यों/गतिविधियों में उनकी अधिक सक्रिय भागीदारी/संलग्नता की आवश्यकता पर केंद्रित शैक्षिक अभियान चलाया जा सके,

2) संबंधित उद्योग/क्षेत्र में युवा श्रमिकों के सामने आने वाले मुद्दों/मांगों/समस्याओं पर ट्रेड यूनियन स्तर पर हस्तक्षेप,

3) यूनियन नेतृत्व के विभिन्न स्तरों पर अग्रणी कार्यकर्ताओं की टीम में युवा कर्मचारियों को शामिल करने की केंद्रित पहल आदि।

**उपरोक्त कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए युवा श्रमिकों/कार्यकर्ताओं की औद्योगिक कंपनी स्तर और राज्य स्तर की बैठक और कन्वेंशन की प्रक्रिया आज से ही जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए।**

***oooOooo***